आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

# दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 43 | उज्जैन, शुक्रवार 03 जनवरी 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

# जनता की शंकाओं को दूर कर सावधानी पूर्वक किया जायेगा कचरे का विनिष्टीकरण-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## कचरे के विनिष्टीकरण की करेंगे सतत निगरानी, वर्ष 2015 में किया जा चुका है ट्रायल रन



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि यूनियन कार्बाइड के कचरे के विनिष्ठीकरण के लिये सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार कार्रवाई की जा रही है। कचरे का निष्पादन जनता की शंकाओं को दूर कर सावधानी पूर्वक किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जनता के सरोकार प्राथमिकता में सबसे ऊपर है, कचरे के विनिष्टिकरण की कार्रवाई सतत् निगरानी में की जायेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हादसे के 40 वर्ष बीतने के बाद भोपाल में रखा लगभग 337 मीट्रिक टन कचरे का हानिकारक प्रभाव खत्म हो गया है। उन्होंने बताया कि बचे हुए शेष कचरे में 60 प्रतिशत से अधिक केवल स्थानीय मिट्टी, 40 प्रतिशत में 7-नेपथॉल, रिएक्टर रेसिड्यूज और सेमी प्रोसेस्ड पेस्टीसाइड्स का अपशिष्ट है। इसमें मौजूद 7-नेपथॉल रेसीड्यूस मूलत: मिथाइल आइसो साइनेट एवं कीटनाशकों के बनने की प्रक्रिया का सह-उत्पाद होता है। विशेषज्ञ मानते हैं कि इसका विषैला प्रभाव 25 साल में लगभग समाप्त हो जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास में मीडिया से चर्चा में ये बातें कहीं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि कचरे के निपटान की प्रक्रिया का केन्द्र सरकार की विभिन्न संस्थाओं जैसे- नीरी (नेशनल इन्वॉयरमेंटल इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट), नागपुर, हतस्त्रढ्ढ (नेशनल जियोफिजिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट) हैदराबाद, द्बढ्डष्ट्व (इंडीयन इंस्टीट्यूट ऑफ केमीकल टेक्नोलॉजी) तथा केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा समय-समय पर गहन परीक्षण किया गया है। उनके अध्ययन तथा सर्वोच्च न्यायालय को प्रस्तुत प्रतिवेदनों के आधार पर भारत सरकार के पर्यावरण मंत्रालय को मार्च, 2013 में दिये गये निर्देशानुसार केरल कोच्चि स्थित हिंदुस्तान इनसेक्टीसाइड लिमिटेड के 10 टन यूनियन कार्बाइड के समान कचरे का परिवहन कर पीथमपुर स्थित ञ्जस्ष्ठस्न में ट्रायल रन केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की निगरानी में किया गया। सफल ट्रायल रन का प्रतिवेदन सर्वोच्च न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि ट्रायल रन के निष्कर्षों के आधार पर सर्वोच्च न्यायालय ने अप्रैल, 2014 में यूसीआईएल के 10 मीट्रिक टन कचरे का एक और ट्रायल रन भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की निगरानी में टीएसडीएफ पीथमपुर मे किये जाने के निर्देश दिये।

# चीन में बांध बनाने से असम में ब्रह्मपुत्र के इकोसिस्टम को पहुंचेगा नुकसान



नई दिल्ली (एजेंसी)। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर चीन द्वारा प्रस्तावित दुनिया के सबसे बड़े बांध के निर्माण से असम में नदी के पारिस्थितिकी तंत्र (इकोसिस्टम) को नुकसान पहुंचेगा।

पत्रकारों से बातचीत के दौरान सरमा ने कहा कि केंद्र ने चीन को नदी के निचले इलाकों में बांध से उत्पन्न खतरों के बारे में अवगत करा दिया है। सरमा ने कहा- बांध हमारे लिए बड़ी समस्या पैदा करेगा क्योंकि नदी का तल सूख जाएगा और पूरी नदी प्रणाली कमजोर हो जाएगी। हमने पहले ही केंद्र के समक्ष यह मामला उठाया है।

भारत और बांग्लादेश की चिंताएं बढ़ गई हैं- उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू भी इस संबंध में केंद्र को लिख चुके हैं। पिछले सप्ताह ही चीन ने विश्व के सबसे बड़े बांध के निर्माण को मंजूरी दी थी। इसे दुनिया का सबसे बड़ा इन्फ्रा प्रोजेक्ट बताया जा रहा है। यह परियोजना भारतीय सीमा के निकट तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर बन रही है। इससे भारत और बांग्लादेश की चिंताएं बढ़ गई हैं।

# रील के लिए कुछ भी करेगा! चलती ट्रेन में शख्स ने फाड़ा ट्रेन का सीट कवर, लोगों ने लगाई क्लास



नई दिल्ली (एजेंसी)। एक तरफ भारतीय रेल लोगों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए लगातार काम कर रहा है तो वहीं दूसरी तरफ कुछ लोगों की वजह से रेलवे की छवि भी खराब होती है।

सोशल मीडिया रील के लिए फाड़ दिया सीट कवर- हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो जमकर वायरल हो रही है। इस वीडियो में एक व्यक्ति चलती ट्रेन में सीट कवर फाड़ता नजर आ रहा है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद लोगों ने शख्स के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि एक युवक ट्रेन की सीट का कवर फाड़कर उसे खिड़की से बाहर फेंक रहा है। यह घटना रात के समय की लग रही है, जिसमें वह व्यक्ति हंसते हुए यह काम कर रहा है। वीडियो देखकर ऐसा लग रहा है मानो वह केवल सोशल मीडिया पर रील बनाने के लिए ऐसा कर रहा हो। सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर यूजर मिस्टर सिन्हा द्वारा शेयर किए गए इस वीडियो के साथ कैप्शन दिया गया है।

# तिरुपति के स्टील प्लांट में धमाके से दहशत में लोग, एक व्यक्ति की मौत और 5 घायल



नई दिल्ली (एजेंसी)। आंध्र प्रदेश के तिरुपति जिले के स्टील प्लांट में भारी विस्फोट हुआ। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। दरअसल पेनेपल्ली में बने अग्रवाल स्टील प्लांट में बुधवार रात बड़ा विस्फोट हुआ। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 5 लोग घायल हो गए हैं। इस धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के गांवों में दहशत फैल गई है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि संयंत्र से बड़े पैमाने पर आग का गोला निकला, जिसके बाद कुछ छोटे विस्फोट भी हुए। बता दें कि यह घटना बुधवार रात करीब 10.15 बजे की है, जब कथित तौर पर प्लांट के बॉयलर में खराबी आ गई, जिससे विस्फोट हो गया। विस्फोट इतना भीषण था कि इससे दूर दराज तक घरों की खिड़कियां टूट गई और इलाके की इमारत क्षतिग्रस्त हो गई।

देर रात हुआ था विस्फोट, दूर तक गई आवाज- तिरुपति के पुलिस अधीक्षक एल सुब्बा रायडू ने बताया कि यह विस्फोट बुधवार देर रात एमएस अग्रवाल कंपनी में हुआ, जो स्पंज आयरन को पिघलाकर आयरन बॉल्स बनाती है।

सुब्बा रायुडू ने पीटीआई-भाषा को बताया, एक व्यक्ति की मौत हो गई, दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया तथा चार अन्य को सामान्य चोटें आईं।

# नौसेना की ताकत बढ़ाएंगे Made In India सूरत, नीलगिरि और वागशीर



नई दिल्ली (एजेंसी)। नौसेना जल्द ही देश में निर्मित अत्याधुनिक हथियारों से लैस दो जंगी जहाजों और डीजल-इलेक्ट्रिक चालित पनडुब्बी को अपने बेड़े में शामिल करने जा रही है। इससे नौसेना की मारक क्षमता में काफी वृद्धि होगी।

अधिकारियों ने बुधवार को इस आशय की जानकारी देते हुए बताया कि 15 जनवरी को मुंबई में एक समारोह में इन दोनों जंगी जहाजों सूरत एवं नीलगिरि और पनडुब्बी वागशीर को नौसेना के बेड़े में शामिल किया जाएगा। ये अत्याधुनिक हथियारों और सेंसर्स से लैस हैं।


वारशिप में नाविकों के रहने के लिए भी पर्याप्त प्रबंध किए गए- एक बयान के अनुसार दोनों वारशिप में महिला अधिकारियों और नाविकों के रहने के लिए भी पर्याप्त प्रबंध किए गए हैं। मुंबई में होने वाले ऐतिहासिक समारोह के दौरान जंगी जहाजों को नौसेना में शामिल करने से न केवल इसकी युद्धक क्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि स्वदेशी जहाजों के निर्माण से देश की आत्म-निर्भरता को भी बल मिलेगा। दोनों जहाजों और पनडुब्बी को मुंबई स्थित मझगांव डाक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) में निर्मित किया गया है। दोनों जहाजों की डिजाइन भारतीय नौसेना के वारशिप डिजाइन ब्यूरो ने तैयार की है। आधुनिक उड्डयन सुविधाओं से लैस नीलगिरि और सूरत में उन्नत किस्म के हल्के हेलिकाप्टर चेतक, सी किंग के अलावा नौसेना में हाल ही में शामिल एमएच-60आर हेलिकाप्टरों को तैनात किया गया है।

# प्रसिद्ध वनस्पति विज्ञानी केएस मणिलाल का निधन, पीएम मोदी ने जताया शोक



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रख्यात वनस्पति विज्ञानी एवं पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित केएस मणिलाल का बुधवार को उम्र संबंधी बीमारियों के कारण निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि वह कुछ समय से अस्वस्थ थे और यहां एक प्राइवेट अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। कट्टुंगल सुब्रह्मण्यन मणिलाल, केएस मणिलाल के नाम से जाने जाते थे। वह कालीकट विश्वविद्यालय में वनस्पति विज्ञान विभाग के पूर्व प्रमुख थे। उन्होंने प्राचीन लैटिन पुस्तक हार्टस मालाबारिकस का अंग्रेजी और मलयालम में अनुवाद किया है।

# नए साल पर पीएम मोदी से मिले दिलजीत दोसांझ, मुलाकात का वीडियो हुआ वायरल



नई दिल्ली (एजेंसी)। मशहूर पंजाबी गायक व अभिनेता दिलजीत दोसांझ ने बुधवार को नए साल के मौके पर नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान मोदी ने साधारण शुरुआत से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के लिए दोसांझ की खूब सराहना की।

दोसांझ ने भी अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया वीडियो- पीएम मोदी के इंस्टाग्राम पर दोनों की बातचीत की एक छोटी क्लिप साझा करते हुए कहा- एक बहुत ही यादगार बातचीत। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा- दिलजीत दोसांझ के साथ एक शानदार बातचीत। वह वास्तव में बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं। हमनें संगीत, संस्कृति और कई चीजों पर बात की। दोनों के बीच हुई बातचीत को दोसांझ ने भी अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है।

इस मुलाकात में मोदी दोसांझ से कहते हैं- भारत के गांव का एक लड़का, जब दुनिया में नाम रोशन करता है तो बड़ा अच्छा लगता है। आपके परिवार ने आपका नाम दिलजीत रखा और आप लोगों का दिल जीतते ही जा रहे हैं।

दिलजीत और पीएम मोदी के बीच योग पर हुई बातचीत

दिलजीत कहते हैं- हम पढ़ते थे कि मेरा भारत महान है. लेकिन जब मैंने भारत का भ्रमण किया तो मुझे पता चला कि हमारे देश को महान क्यों कहते हैं। भारत में सबसे बड़ा जादू योग है। इस पर मोदी बोले कि योग को जिसने अनुभव किया है वही इसकी ताकत जानता है।

दिलजीत ने सुनाया गाना- दिलजीत प्रधानमंत्री मोदी के मां के प्रेम व गंगा के प्रति उनकी आस्था को लेकर कहते हैं कि आपने जो शब्द उनके प्रति कहे उसमें साफ झलकता था कि वह आपके दिल से निकले हैं। इसके बाद दिलजीत ने गुरु नानक देव जी के प्रति अपनी श्रद्धा को गीत के माध्यम से व्यक्त किया। खास बात यह है कि जब दिलजीत गीत गुनगुना रहे थे तो प्रधानमंत्री मोदी मेज पर अंगुलियों से उन्हें ताल देते नजर आए।

दोसांझ ने ये सुनाया गीतओ कैंदे.. किथ्थे है तेरा रब, दिसदा ही नहींमैं केहा अखां बंद कर, ध्यान कर, महसूस करगुरु नानक तां अंग संग हैतूं ही बस गैर हाजिर हैगुरु नानक.. गुरु नानक..।

# ट्रंप बोले- मेरा रिसॉर्ट ब्रह्मांड का केंद्र, यहां क्यों जा रहा दुनिया का हर बड़ा नेता? करोड़ों में मिलती है सदस्यता



नई दिल्ली (एजेंसी)। सोने की कुर्सी पर बैठीं इवांका और बगल में अपने सबसे पसंदीदा गाने पर थिरकता दुनिया का सबसे प्रभावशाली शख्स। उसके आसपास दिग्गजों का जमावड़ा। हर शाम रंगीन पर्टियां और दुनिया के ताकतवर नेताओं का आना-जाना। यह नजारा है फ्लोरिडा के पाम बीच में स्थित रिसॉर्ट मार-ए-लागो का। करीब 17 एकड़ भूमि पर बने इस रिसॉर्ट के मालिक हैं डोनाल्ड ट्रंप। पांच जनवरी को चुनाव जीतने के बाद ट्रंप ने यहां डेरा डाल रखा है। दुनिया की हर बड़ी हस्ती उनसे मिलने इसी रिसॉर्ट में आती है।

एलन मस्क ने डाला डेरा- टेस्ला के मालिक एलन मस्क मार-ए-लागो नियमित रूप से आते हैं। कनाडा के खिलाफ जब ट्रंप ने टैरिफ की धमकी दी तो जस्टिन ट्रूडो उन्हें मनाने इसी रिसॉर्ट में पहुंचे थे। मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग भी ट्रंप के साथ यहां डिनर कर चुके हैं। रिसॉर्ट में टेंट के नीचे बीच बॉयज के सदस्य माइक लव ने अपने हिट गानों से समां बांधा।

हमारा रिसॉर्ट ब्रह्मांड का केंद्र- 20 जनवरी को डोनाल्ड ट्रंप के शपथ लेने से पहले अमेरिका में रिसॉर्ट पॉलिटिक्स जारी है। पद संभालने से पहले ट्रंप से नजदीकी बढ़ाने की लालसा लेकर दिग्गज लोग यहां पहुंच रहे हैं। जो भी ट्रंप का खास बनना चाह रहा है, उसका मार-ए-लागो आना जरूरी है। यही वजह है कि डोनाल्ड ट्रंप ने अपने रिसॉर्ट को ब्रह्मांड का केंद्र कहा। यह सच है कि मौजूदा समय में दुनिया का सबसे बड़ा पावर सेंटर यही रिसॉर्ट है।

ट्रंप दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ गोल्फ खेलते- डोनाल्ड ट्रंप स्पॉटिफाई पर पसंदीदा गाने सुनते। डिनर के वक्त वह अपनी टेबल पर चुनाव प्रचार के दौरान बजने वाले गीतों को प्ले करते। सुबह डोनाल्ड ट्रंप साउथ कैरोलिना के सीनेटर लिंडसे ग्राहम, अपने रिश्तेदारों और दोस्तों के साथ गोल्फ खेलते हैं। अभिनेता रसेल ब्रांड भी ट्रंप के क्लब में पहुंचे। यहां अभिनेता मेल गिब्सन और टकर कार्लसन की मौजूदगी भी आम है।

# बांग्लादेश में चिन्मय दास को नहीं मिली जमानत, इस्कॉन बोला- दुखद फैसला; उनकी तबीयत भी ठीक नहीं



नई दिल्ली (एजेंसी)। हिंदू संन्यासी चिन्मय कृष्ण दास को चटगांव की अदालत ने जमानत देने से इनकार कर दिया। गुरुवार को इस्कॉन कोलकाता ने इस पर प्रतिक्रिया दी और अदालत के इस फैसले को दुखद बताया। इस्कॉन के प्रवक्ता राधारमण दास ने कहा कि सुनवाई के दौरान एक अच्छी बात यह रही कि अदालत में वकीलों ने चिन्मय दास का पक्ष रखा। इससे पहले सुनवाई के दौरान वकीलों को पक्ष रखने की अनुमति नहीं मिली थी।

चिन्मय दास की तबीयत ठीक नहीं- राधारमण दास ने कहा कि यह दुखद है कि उनकी जमानत याचिका को खारिज कर दिया गया है। उम्मीद थी कि नए साल में उन्हें रिहा कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि चिन्मय दास की तबीयत खराब है।

आशा थी कि अदालत इस आधार पर उन्हें जमानत दे देगी। इस्कॉन प्रवक्ता ने कहा कि चिन्मय कृष्ण दास के वकील अब बांग्लादेश की उच्च अदालत में याचिका दाखिल करेंगे।

उम्मीद- वकीलों को सुरक्षा देगी अंतरिम सरकार- राधारमण दास ने उम्मीद जताई कि उच्च अदालत में याचिका की सुनवाई के दौरान बांग्लादेश की अंतरिम सरकार चिन्मय के वकीलों को कोर्ट परिसर के अंदर और बाहर पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करेगी।

40 दिनों से जेल में चिन्मय- चिन्मय कृष्ण दास को 25 नवंबर को ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया गया था। उन पर देशद्रोह का आरोप है। पिछले 40 दिनों से बांग्लादेश की जेल में बंद चिन्मय दास को गुरुवार को वर्चुअली अदालत में पेश किया गया। मगर चटगांव की अदालत ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी।

## नए साल से इस देश में बुर्के पर पाबंदी, पकड़े जाने पर 1 लाख तक जुर्माना



नई दिल्ली (एजेंसी)। शांत यूरोपीय देश स्विटजरलैंड ने साल 2025 के स्वागत के साथ ही नई नीतियों को देश में लागू कर दिया। नए कानूनों में सबसे ज्यादा चर्चा बुर्का बैन को लेकर हो रही है। चार साल पहले हुए जनमत संग्रह के बाद सरकार ने यह फैसला लिया है। पकड़े जाने पर एक लाख तक जुर्माने का प्रावधान है। इस विवादास्पद कानून के लागू होते ही देश के भीतर ही नहीं इस्लामिक समुदायों में खलबली मच गई है।

दरअसल, मार्च 2021 में स्विटजरलैंड सरकार ने बुर्का पहनने या नहीं पहनने को लेकर वोटिंग कराई थी। जिसमें बुर्का पर बैन वाले कानून के पक्ष में 52 फीसदी लोगों ने मतदान किया। जबकि कानून के विरोध में 48 फीसदी लोगों ने मतदान किया। चार साल पहले हुए मतदान को अब लागू किया गया है। बुर्का प्रतिबंध अब देश में नए संवैधानिक अनुच्छेद का हिस्सा बन चुका है। जुर्माने के तौर पर 1,000 स्विस फ्रैंक (94,651.06 रुपये) वसूले जाएंगे। सरकार द्वारा जारी कानून के तहत यह ध्यान रखने वाली बात है कि बुर्के परप्रतिबंध हवाई जहाज़ या राजनयिक और वाणिज्य दूतावास परिसर में लागू नहीं होगा। लोग स्विटज़रलैंड में पूजा स्थलों या किसी भी तरह के धर्मनिरपेक्ष स्थल पर भी अपना चेहरा ढक सकते हैं।

## पैरों तले देंगे रौंद.. अब किस पर और क्यों गुर्रा रहा ईरान, नए साल पर खामेनेई की खुली चेतावनी



नई दिल्ली (एजेंसी)। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने ताजा घटनाक्रम में अमेरिका को खुली चेतावनी दी है और कहा है कि सीरिया में उसके सैन्य अड्डों को पैरों तले रौंद दिया जाएगा। खामेनेई ने सोमवार को एक शहीद कमांडर के सम्मान में आयोजित समारोह में भाषण देते हुए ये बातें कहीं। बाद में सोशल मीडिया एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में उन्होंने सीरिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों के बारे में खुली चेतावनी जारी की।

एक्स पर खामेनेई ने लिखा, आज, अमेरिका लगातार सीरिया में ठिकाने बना रहा है। इन ठिकानों को निस्संदेह सीरियाई युवाओं के पैरों तले रौंद दिया जाएगा। खामेनेई ने अमेरिका को यह धमकी भरा संदेश अमेरिकी सैनिकों द्वारा पूर्व रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कुद्स फोर्स कमांडर कासिम सुलेमानी की मौत की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित एक समारोह में दिया।

खामेनेई ने यह चेतावनी ऐसे वक्त में दी है, जब अमेरिका में सत्ता परिवर्तन होने वाला है।

## ज्यादा से ज्यादा लोगों को ट्रक से कुचलना चाहता था, अमेरिका में 15 लोगों का हत्यारा कौन?





नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के न्यू आरलियंस शहर में बुधवार तड़के आतंकी हमला हो गया। नए साल का जश्न मना रहे लोगों पर एक ड्राइवर ने अपना पिकअप ट्रक चढ़ा दिया और उन पर गोलीबारी भी की। हमले में 15 लोगों की मौत हो गई, जबकि 35 से अधिक लोग घायल हो गए।

हमलावर ट्रक ड्राइवर को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया। उसकी पहचान टेक्सास निवासी 42 वर्षीय अमेरिकी नागरिक शमशुद्दीन जब्बार के रूप में हुई है। संघीय जांच एजेंसी एफबीआइ आतंकी घटना के तौर पर मामले की जांच कर रही है। एजेंसी को ट्रक से इस्लामिक स्टेट (आइएस) का झंडा मिला है और वह जब्बार के इस आतंकी संगठन से जुड़ाव की जांच कर रही है।

US आर्मी का सैनिक रह चुका हमलावर- इस्लामिक स्टेट समूह के झंडे वाले पिकअप ट्रक को चला रहा आतंकी अमेरिकी सेना का पूर्व सैनिक था। वहीं, पुलिस के ट्रक से कई हथियार भी मिले हैं। पुलिस प्रमुख एनी किर्कपैट्रिक ने बताया कि यह व्यक्ति ज्यादा से ज्यादा लोगों पर ट्रक चढ़ाना चाहता था। वह लोगों को मारने एवं नुकसान पहुंचाने पर आमादा था।

अमेरिका के न्यू आरलियंस शहर में बुधवार तड़के आतंकी हमला हो गया। नए साल का जश्न मना रहे लोगों पर एक ड्राइवर ने अपना पिकअप ट्रक चढ़ा दिया और उन पर गोलीबारी भी की। हमले में 15 लोगों की मौत हो गई, जबकि 35 से अधिक लोग घायल हो गए।

## मुजीब ने नहीं, जियाउर रहमान ने दिलाई थी आजादी, बांग्लादेश ने किताबों में बदल दिया इतिहास




नई दिल्ली (एजेंसी)। बांग्लादेश की मोहम्मद युनूस की अंतरिम सरकार देश की नई इतिहास लिख रही है। वहां की सरकार 1971 के मुक्ति संग्राम से जुड़ी महत्वपूर्ण घटनाओं को फिर से लिख रही है।

इस साल से बांग्लादेश के पाठ्यपुस्तकों में बताया जाएगा कि 1971 में 6 मार्च को बांग्लादेश की स्वतंत्रता की घोषणा बंगबंधु मुजीबुर रहमान ने नहीं, बल्कि जियाउर रहमान ने की थी। इतना ही नहीं नई पाठ्यपुस्तकों से मुजीब की राष्ट्रपिता की उपाधि भी हटा दी गई है।

किताबों में क्या लिखा होगा- बांग्लादेश के राष्ट्रीय पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तक बोर्ड के अध्यक्ष प्रोफेसर ए.के.एम. रियाजुल हसन ने अखबार डेली स्टार को बताया कि 2025 के शैक्षणिक वर्ष के लिए नई पाठ्यपुस्तकों में लिखा होगा कि '26 मार्च, 1971 को जियाउर रहमान ने बांग्लादेश की स्वतंत्रता की घोषणा की और 27 मार्च को उन्होंने बंगबंधु की ओर से स्वतंत्रता की एक और घोषणा की।

कौन हैं जियाउर रहमान- जियाउर रहमान बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के संस्थापक और वर्तमान बीएनपी प्रमुख खालिदा जिया के पति थे। इतिहास में झांके तो हाल ही में प्रधानमंत्री पद से हटाए जाने वालीं शेख हसीना के पिता मुजीबुर रहमान की अगुआई में बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में देश को आजादी दिलवाने में पाकिस्तानी सेना के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी।

## अमेरिका में 24 घंटे में तीसरा बड़ा हमला, अब न्यूयॉर्क के क्लब में अंधाधुंध गोलीबारी




नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी में 24 घंटे के अंदर तीसरा बड़ा हमला हुआ है। अब न्यूयॉर्क के क्वींस में एक नाइट क्लब में एक हमलावर ने अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें कई लोग घायल बताए जा रहे हैं। जिस नाइट क्लब में यह घटना हुई, उसका नाम अमजूरा नाइट क्लब है। गोलीबारी बीती रात करीब 11 बजकर 45 मिनट पर हुई।

संदिग्धों की पहचान नहीं हुई- पुलिस विभाग की कई इकाइयां उस स्थान पर पहुंचीं जहां जमैका लॉन्ग आइलैंड रेल रोड स्टेशन के पास गोलीबारी हुई थी ताकि इलाके को सुरक्षित किया जा सके और संदिग्धों को पकड़ा जा सके। हालांकि, अभी तक संदिग्धों की पहचान नहीं हुई है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, पीड़ितों की स्थिति के बारे में भी अभी तक पता नहीं चल पाया है।

न्यू आरलियंस में एक ट्रक से कई लोगों को कुचला गया- इससे पहले अमेरिका के न्यू आरलियंस शहर में नए वर्ष का जश्न मना रहे लोगों पर बुधवार तड़के एक ड्राइवर ने अपना पिकअप ट्रक चढ़ा दिया और उन पर गोलीबारी भी की। इसमें 15 लोगों की मौत हो गई, जबकि 35 से अधिक लोग घायल हो गए। हमलावर ट्रक ड्राइवर पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया। उसकी पहचान टेक्सास निवासी 42 वर्षीय अमेरिकी नागरिक शमशुद्दीन जब्बार के रूप में हुई है।

# चीन ने बना डाला छठी पीढ़ी का लड़ाकू विमान, रडार में भी नहीं आएगा जेट; जानिए क्या होती है लड़ाकू विमानों की जनरेशन?



नई दिल्ली (एजेंसी)। पड़ोसी मुल्क चीन अपनी सैन्य शक्ति को तेजी से बढ़ा रहा है। अब चीन ने छठी पीढ़ी का लड़ाकू विमान बना लिया है। काफी एडवांस तकनीक से बने इस छठ-36 लड़ाकू विमान के बाद चीन की सैन्य क्षमता में बड़ा उछाल आया है।

रडार में नहीं आता ये फाइटर प्लेन- चीन के नए लड़ाकू विमान J-36 की सबसे बड़ी खासियत ये है कि इसका आकार त्रिकोणीय है, जिसमें पूंछ नहीं है। इसका ये डिजाइन विमान को दुश्मन के रडार से बचाता है। इसमें तीन मजबूत टर्बोफैन इंजन भी लगे हैं, जो इसे तेज रफ्तार के साथ ज्यादा उंचाई तक उड़ने में सक्षम बनाता है। इसमें लगे विशेष साइड-लुकिंग एयरबोर्न रडार इसे दुश्मन की नजरों से बचकर जासूसी करने और युद्ध में बड़ा फायदा पहुंचाते हैं।

हथियार भी ले जा सकता है ये विमान- चीन का ये विमान पांचवीं पीढ़ी के विमान से बड़ा होता है। इसमें हथियार भी ले जाए जा सकते हैं। जे-36 का वजन 55 टन है, जिसके चलते इसमें ज्यादा ईंधन रखने की क्षमता भी होती है। ये 3000 किमी की दूरी तक उड़ान भर सकता है।

## केरल में स्कूल बस पटलने से पांचवी की छात्रा की मौत, 18 घायल





मृतक छात्रा की पहचान नेद्या एस राजेश के रूप में हुई है और वह पांचवीं कक्षा की छात्रा थी। घायल विद्यार्थियों में से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। दुर्घटना के समय बस में 20 विद्यार्थी सवार थे।

13 गंभीर छात्रों को बेहतर इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया- बस ने दूसरे वाहन को रास्ता देते समय नियंत्रण खो दिया और सड़क पर पलट गई। 13 गंभीर छात्रों को बेहतर इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्कूल प्रशासन और अभिभावकों में हलचल मच गई। सभी लोग मौके पर आकर राहत व बचाव में जुट गए।

नई दिल्ली (एजेंसी)। केरल के कन्नूर जिले के वलाक्काई में बुधवार को एक स्कूल बस पलटने से 10 वर्षीय छात्रा की मौत हो गई और 18 अन्य विद्यार्थी घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, बस में सवार छात्रा खिड़की से बाहर गिर गई और बस के पलटने से उसके नीचे दबकर मौत हो गई। यह बस जिले के कुरुमाथुर स्थित चिन्मय स्कूल की थी।

## ओवैसी की याचिका पर सुनवाई के लिए तैयार सुप्रीम कोर्ट, 17 फरवरी की तारीख तय; पूजा स्थल कानून लागू करने की मांग



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 से जुड़ी असदुद्दीन ओवैसी की याचिका पर सुनवाई करने के लिए सुप्रीम कोर्ट तैयार हो गया है। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार ने इस संबंध में आदेश जारी किया।

17 फरवरी को होगी सुनवाई- चीफ जस्टिस की पीठ ने आदेश दिया कि ओवैसी की याचिका को केस से जुड़ी सभी पेंडिंग याचिकाओं के साथ जोड़ दिया जाए और इसकी सुनवाई 17 फरवरी को होगी। प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट में देश के सभी धार्मिक स्थलों में 15 अगस्त 1947 की यथास्थिति बरकरार रखने का जिक्र है। ओवैसी के वकील निजाम पाशा ने कहा कि अदालत ने सभी याचिकाओं को एक साथ सुनने का निर्णय लिया है और हमारी याचिका भी उनके साथ जोड़ी जाएगी। असदुद्दीन ओवैसी ने एडवोकेट फुजैल अहमद अय्यूबी के द्वारा 17 दिसंबर को शीर्ष अदालत में याचिका दायर की थी।

शीर्ष अदालत ने दिया था आदेश- आपको बता दें कि चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली पीठ ने 12 दिसंबर को आदेश देते हुए कहा था कि कोई भी अदालत धार्मिक स्थलों, विशेष रूप से मस्जिद और दरगाह के लिए कोई भी नया केस स्वीकार नहीं करेगी और न ही पेंडिंग मामलों में अंतरिम या अंतिम आदेश जारी करेगी।

ये आदेश वर्शिप एक्ट की वैधानिकता पर सुनवाई पूरी होने तक लागू रहेगा। अदालत प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 के खिलाफ दायर 6 याचिकाओं की सुनवाई कर रही थी। इसमें से एक याचिका वकील अश्विनी उपाध्याय की तरफ से दाखिल की गई थी।

क्या है प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट? - 1991 में आया यह कानून किसी भी धार्मिक स्थल या पूजा स्थान की वही स्थिति बरकरार रखने का प्रावधान करता है, जो 15 अगस्त 1947 के पहले थी। असदुद्दीन ओवैसी ने अपनी याचिका में अदालत से मांग की है कि वह केंद्र सरकार को कानून को प्रभावशाली ढंग से लागू करने का आदेश दे।

## लोगों को ठगने के लिए सबसे ज्यादा वाट्सएप का उपयोग कर रहे साइबर अपराधी





नई दिल्ली (एजेंसी)। साइबर अपराधी लोगों को ठगने के लिए नए नए तरीके अपना रहे हैं। कई बार तो उनके तरीके हैरान कर देने वाले होते हैं। वहीं, साइबर अपराध को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने रिपोर्ट जारी की है जिसमें बताया गया है कि वाट्सएप ऑनलाइन ठगी करने वाले अपराधियों का पसंदीदा प्लेटफॉर्म है। वहीं, इसके बाद टेलीग्राम और इंस्टाग्राम हैं।

केंद्रीय गृह मंत्रालय की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2024 के पहले तीन महीनों में वाट्सएप के माध्यम से साइबर धोखाधड़ी के संबंध में कुल 43,797 शिकायतें प्राप्त हुई, इसके बाद टेलीग्राम के खिलाफ 22,680 और इंस्टाग्राम के खिलाफ 19,800 शिकायतें मिलीं।

गूगल एड प्लेटफॉर्म का भी हो रहा उपयोग- वार्षिक केंद्रीय गृह मंत्रालय रिपोर्ट 2023-24 में कहा गया है कि साइबर धोखेबाज इन अपराधों को शुरू करने के लिए गूगल सेवा प्लेटफार्मों का उपयोग कर रहे हैं। इसमें गूगल एड प्लेटफॉर्म का ज्यादा उपयोग हो रहा है क्योंकि सीमा पार से भी विज्ञापन द्वारा साइबर अपराध को अंजाम दिया जा सकता है।

मंत्रालय की रिपोर्ट में लिखा है, यह स्कैम, जिसे पिग बूचरिंग स्कैम या इंवेस्टमेंट स्कैम के रूप में जाना जाता है।

## ठंड से सावधान हो जाइए! 4 जनवरी से आ सकती है ठंडी आफत; ईरान में एक्टिव हुआ वेस्टर्न डिस्टर्बेंस



नई दिल्ली (एजेंसी)। इस वक्त दिल्ली समेत पूरा उत्तर भारत कोहरे की चपेट में है। एक तरफ पहाड़ों पर भयंकर बर्फबारी हो रही है, तो वहीं मैदानी इलाकों में गलन बढ़ गई है। मंगलवार को दिल्ली-एनसीआर के अधिकतर हिस्सों में घना कोहरा देखा गया।

मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ सकती है। जनवरी में भयंकर शीत लहर चलने का भी अनुमान है। सिर्फ दिल्ली ही नहीं, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश और जम्मू-कश्मीर सहित कई राज्यों में ठंड से लोगों की हालत खराब है।

अभी ठंड जारी रहने के आसार- मौसम वैज्ञानिक सोमा सेन रॉय के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर और उससे सटे पाकिस्तान के ऊपर पश्चिमी विक्षोभ बना हुआ है, जिसके कारण अगले दो दिनों तक पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में भारी बर्फबारी हो सकती है।

उन्होंने कहा कि हम ईरान और उसके आस-पास के इलाकों में बने पश्चिमी विक्षोभ पर भी नजर बनाए हुए हैं। जैसे-जैसे यह पूर्व की तरफ बढ़ेगा, पश्चिमी हिमालयन रीजन के तापमान में थोड़ी वृद्धि देखने को मिल सकती है। लेकिन उससे पहले हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में बिजली चमकने के साथ भारी बारिश या बर्फबारी हो सकती है।

दिल्ली का तापमान 7.6 डिग्री- गुरुवार को दिल्ली में हल्का कोहरा छाया रहा। इस दौरान शहर के कुछ हिस्सों में न्यूनतम तापमान 7.6 डिग्री दर्ज किया गया। आने वाले दिनों में दिल्ली में घने कोहरे और शीतलहर की संभावना जताई गई है। गुरुवार की सुबह 6 बजे पालम वेदर स्टेशन ने 0 मीटर की विजिबिलिटी रिकॉर्ड की।

दिल्ली में अधिकतम तापमान 16 डिग्री के आस-पास होने की उम्मीद है। इसके पहले बुधवार को अधिकतम तापमान 15 डिग्री दर्ज किया गया था। मौसम विभाग के मुताबिक, इस दौरान हवा 12 से 14 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से चल सकती है।

## बेंगलुरु के एक शोरूम में लगी भीषण आग, 50 से ज्यादा दोपहिया वाहन जलकर हुए खाक



नई दिल्ली (एजेंसी)। कर्नाटक के बेंगलुरु में महादेवपुरा के पास एक बाइक शोरूम में भीषण आग लग गई। जिसके कारण कम से कम 50 दो पहिया वाहन जलकर खाक हो गए। इसकी जानकारी पुलिस ने गुरुवार को दी।

मिली जानकारी के अनुसार, यह दुर्घटना कल रात को कथित तौर पर बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण हुई। घटना की जानकारी दमकल विभाग को दी गई। जिसके बाद दमकल की गाड़ियाँ मौके पर पहुँचीं और आग बुझाई गई।

अधिकारियों के अनुसार, दुर्घटना उस समय हुई जब शोरूम बंद था और स्थानीय निवासियों ने ही इमारत से घना धुआं निकलता देखा।

2024 में भी हुई थी ऐसी ही दुर्घटना- बता दें कि नवंबर 2024 में, नवरंग बार जंक्शन के पास बेंगलुरु के डॉ. राजकुमार रोड पर एक ईवी इलेक्ट्रिक बाइक शोरूम में लगी भीषण आग में 20 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया।

रिपोर्ट के अनुसार, पीड़ित प्रिया, जो MY EV स्टोर में अकाउंटेंट थी और रामचंद्रपुरा की निवासी थी, आग लगने की दुर्घटना में दुखद रूप से उसकी मृत्यु हो गई। प्रिया 20 नवंबर को अपना 21वां जन्मदिन मनाने वाली थी।

आग राजराजेश्वरी नगर पुलिस स्टेशन की सीमा में लगी थी। वरिष्ठ अग्निशमन और आपातकालीन अधिकारियों के अनुसार, आग चार्जिंग के दौरान ईवी स्कूटर की बैटरी में विस्फोट होने से लगी। आग ने जल्द ही शोरूम को अपनी चपेट में ले लिया और माना जा रहा है कि आग में 45 इलेक्ट्रिक स्कूटर जलकर खाक हो गए। करावल नगर थाने के जगदंबा कालोनी में मंगलवार दोपहर हीटर के गोदाम में एलपीजी गैस का एक छोटा सिलेंडर फटने से बच्ची समेत चार लोग झुलस गए। चाय बनाने के दौरान हादसा हुआ।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण


मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य



सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।

विक्रम संवत 2079 पौष शुक्ल चतुर्थी

## संपादकीय

# गर्भ में पल रहा बच्चा जब जन्म लेता है, तो वह बाहरी दुनिया को पहचानने लगता है...



हाल ही में अमरीका में गर्भ में पल रहे 140 भ्रूणों का अध्ययन किया गया था। इसके निष्कर्षों के रूप में बताया गया था कि बच्चे के मस्तिष्क के विकास के साथ-साथ बच्चा बाहरी दुनिया को समझने की कोशिश करने लगता है। यह सब बच्चे के मस्तिष्क में विकसित हो रहे न्यूरोन्स के कारण होता है। गर्भ में पल रहा बच्चा जब जन्म लेता है, तो वह बाहरी दुनिया को पहचानने लगता है। उसके सोचने, समझने और प्रतिक्रिया देने की क्षमता भी विकसित होती जाती है। इसलिए कह सकते हैं कि मां का गर्भ बच्चे की पहली पाठशाला होता है।

ऐसे शोध भी हो चुके हैं जिनमें बताया गया कि मां के मूड का बच्चे पर बहुत प्रभाव पड़ता है। मां उदास होती है, तो गर्भ का बच्चा भी उदास हो जाता है। मां रोती है, तो बच्चा भी सिसकता है। मां हंसती है, तो बच्चा भी खिलखिलाता है। यही नहीं, गर्भ में 5 महीने के बाद, बच्चा अपने घर वालों की आवाज पहचानने लगता है। प्रतिक्रिया देने लगता है। यहां तक कि अगर माता-पिता अपने गर्भस्थ शिशु से बातें करें, प्यार जताएं, तो वह कभी पांव चलाकर ,कभी हाथ चलाकर उसका उत्तर देता है और अपनी खुशी जाहिर करता है। बहुत पहले एक वीडियो में देखा गया था कि एक पिता गर्भ में पल रही अपनी बच्ची से लगातार बातें करता था। जब उस बच्ची का जन्म हुआ, तो पिता उसे देखने गया। वह बच्ची से उसी तरह से बातें करने लगा। बच्ची पिता की आवाज सुनकर गर्दन उठाकर इतनी जोर से मुस्कुराई कि वहां उपस्थित डाक्टर और नर्सें हैरान रह गए। क्योंकि इतने छोटे बच्चे अक्सर अपनी गर्दन नहीं उठा पाते। उन्हें सहारा देना पड़ता है।

यदि गर्भ के बच्चे को लगातार यह बताया जाए कि उसके आने से माता-पिता कितने खुश हैं, तो बच्चा इसे महसूस करता है और मानसिक, शारीरिक रूप से स्वस्थ रहता है। यह मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य जीवन भर रहता है। ये सब बातें जब तमाम शोधों के आधार पर बता रही हूं, तो यह बताना और याद दिलाना जरूरी है कि हमारी पुरातन पीढ़ी को इनमें से अधिकांश बातें मालूम थीं। वे कहती थीं कि मां का जो चीजें खाने का मन करे, उसे वे जरूर खिलानी चाहिएं, क्योंकि बच्चे के स्वास्थ्य के लिए ये चीजें जरूरी हैं।

मां को अगर भोजन सुस्वादु लगता है, तो यह भावना बच्चे तक भी पहुंचती है। यही नहीं इन दिनों स्टैम सैल रिसर्च की बातें भी बहुत जोर-शोर से होती हैं। इन पर सारी दुनिया में शोध चल रहे हैं। शोध बताते हैं कि बच्चे के जन्म के वक्त जो गर्भनाल होती है, उसके खून को अगर प्रिजर्व कर लिया जाए, तो कहा जाता है कि आगे चलकर अगर बच्चे को कोई गंभीर बीमारी हो तो उसे ठीक किया जा सकता है।

अपने यहां और बहुत से देशों में इस खून को प्रिजर्व करने के लिए अनेक अस्पतालों में स्टैम सैल बैंकिंग का प्रावधान है। बड़ी संख्या में माता-पिता बच्चे के भविष्य को ध्यान में रखकर, इस खून को बैंक में जमा करा रहे हैं। भारत में भी यह चलन बढ़ रहा है। हां, इसकी फीस देनी पड़ती है। इसी बात को देखते हुए याद आता है कि गांव में दादी बच्चे के जन्म के बाद उसकी नाल के एक हिस्से को सुखाकर रख लेती थी। मान लीजिए कि बच्चे की आंख दुखी या उसका पेट खराब हुआ, तो इसी नाल को घिसकर आंख में डाला जाता था या उसे चटाया जाता था और आश्चर्यजनक रूप से वह ठीक हो जाता था। कोरिया में तो इसे इतना पवित्र माना जाता है कि लोग फ्रेम करवा कर अपने-अपने घरों में टांग देते हैं।

कोई पूछ सकता है कि आखिर हमारी नानी-दादियों को ये सब बातें कैसे पता थीं, जिन्हें विज्ञान आज अरबों-खरबों रुपए खर्च करके साबित कर रहा है। तो यही कहा जा सकता है कि हजारों सालों के अनुभव की प्रयोगशाला और ज्ञान को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुंचाने की मौखिक परम्परा से यह सब सम्भव हुआ होगा। जाहिर है कि इन अनुभवों का भी वैज्ञानिक आधार ही था। जिसे अनुभव से सिद्ध किया गया था। आज की भाषा में इसे ही तो क्लीनिकल ट्रायल कहते हैं।

# सावित्रीबाई फुले



सावित्रीबाई फुले भारत के पहले बालिका विद्यालय की पहली प्रधानाचार्या और पहले किसान स्कूल की संस्थापिका थीं। महात्मा ज्योतिबा को महाराष्ट्र और भारत में सामाजिक सुधार आंदोलन में एक सबसे महत्त्वपूर्ण व्यक्ति के रूप में माना जाता है। उनको महिलाओं और दलित जातियों को शिक्षित करने के प्रयासों के लिए जाना जाता है। ज्योतिराव, जो बाद में ज्योतिबा के नाम से जाने गए, सावित्रीबाई के संरक्षक, गुरु और समर्थक थे। सावित्रीबाई ने अपने जीवन को एक मिशन की तरह से जीया। जिसका उद्देश्य था विधवा विवाह करवाना, छुआछात मिटाना, महिलाओं की मुक्ति और दलित महिलाओं को शिक्षित बनाना। वे एक कवयित्री भी थीं। उन्हें मराठी की आदिकवयित्री के रूप में भी जाना जाता था।

जन्म और परिवार- सावित्रीबाई फुले का जन्म 3 जनवरी, 1831 को हुआ था। इनके पिता का नाम खन्दोजी नेवसे और माता का नाम लक्ष्मी था। सावित्रीबाई फुले का विवाह 1840 में ज्योतिबा फुले से हुआ था।

विद्यालय की स्थापना- 1848 में पुणे में अपने पति के साथ मिलकर विभिन्न जातियों की नौ छात्राओं के साथ उन्होंने एक विद्यालय की स्थापना की। एक वर्ष में सावित्रीबाई और महात्मा फुले पाँच नये विद्यालय खोलने में सफल हुए। तत्कालीन सरकार ने इन्हे सम्मानित भी किया। एक महिला प्रिंसिपल के लिये सन् 1848 में बालिका विद्यालय चलाना कितना मुश्किल रहा होगा, इसकी कल्पना शायद आज भी नहीं की जा सकती। लड़कियों की शिक्षा पर उस समय सामाजिक पाबंदी थी। सावित्रीबाई फुले उस दौर में न सिर्फ खुद पढ़ीं, बल्कि दूसरी लड़कियों के पढ़ने का भी बंदोबस्त किया, वह भी पुणे जैसे शहर में। सामाजिक मुश्किलें- वे स्कूल जाती थीं, तो लोग पत्थर मारते थे। उन पर गंदगी फेंक देते थे। आज से 160 साल पहले बालिकाओं के लिये जब स्कूल खोलना पाप का काम माना जाता था कितनी सामाजिक मुश्किलों से खोला गया होगा देश में एक अकेला बालिका विद्यालय।

महानायिका- सावित्रीबाई पूरे देश की महानायिका हैं। हर बिरादरी और धर्म के लिये उन्होंने काम किया। जब सावित्रीबाई कन्याओं को पढ़ाने के लिए जाती थीं तो रास्ते में लोग उन पर गंदगी, कीचड़, गोबर, विष्ठा तक फैंका करते थे। सावित्रीबाई एक साड़ी अपने थैले में लेकर चलती थीं और स्कूल पहुँच कर गंदी कर दी गई साड़ी बदल लेती थीं। अपने पथ पर चलते रहने की प्रेरणा बहुत अच्छे से देती हैं।

सावित्रीबाई ने 19वीं सदी में छुआ-छूत, सतीप्रथा, बाल-विवाह और विधवा विवाह जैसी कुरीतियों के विरुद्ध अपने पति के साथ मिलकर काम किया। उन्होंने आत्महत्या करने जाती हुई एक विधवा ब्राह्मण महिला काशीबाई की अपने घर में डिलीवरी करवा कर उसके बच्चे यशवंत को अपने दत्तक पुत्र के रूप में गोद लिया। दत्तक पुत्र यशवंत राव को पाल-पोसकर उन्होंने उसे डॉक्टर बनाया।

सत्यशोधक समाज की स्थापना- सावित्रीबाई फुले और ज्योतिबा फुले ने 24 सितंबर, 1873 को सत्यशोधक समाज की स्थापना की। उन्होंने विधवा विवाह की परंपरा भी शुरू की और इस संस्था के द्वारा पहला विधवा पुनर्विवाह 25 दिसम्बर, 1873 को कराया गया। 28 नवंबर, 1890 को बीमारी के चलते ज्योतिबा की मृत्यु हो गई थी। ज्योतिबा के निधन के बाद सत्यशोधक समाज की जिम्मेदारी सावित्रीबाई फुले पर आ गई। उन्होंने जिम्मेदारी से इसका संचालन किया।

आधुनिक मराठी काव्य की अग्रदूत



सावित्रीबाई एक निपुण कवियित्री भी थीं। उन्हें आधुनिक मराठी काव्य की अग्रदूत भी माना जाता है। वे अपनी कविताओं और लेखों में हमेशा सामाजिक चेतना की बात करती थीं। सावित्रीबाई फुले देश की पहली महिला शिक्षिका होने के साथ-साथ अपना पूरा जीवन समाज के वंचित तबके खासकर स्त्री और दलितों के अधिकारों के लिए संघर्ष में देने के लिए हमेशा याद की जाएंगी।

# दमदार बिक्री से शेयरों में तगड़ा उछाल, ब्रोकरेज ने भी दी खरीदने की सलाह




नई दिल्ली (एजेंसी)। देश की सबसे बड़ी कार निर्माता मारुति सुजुकी के प्रोडक्शन और सेल्स में दिसंबर के दौरान शानदार ग्रोथ देखने को मिली। उसका प्रोडक्शन 30 फीसदी बढ़कर 1 लाख 60 हजार यूनिट पहुंच गया। बिक्री में भी करीब 30 फीसदी बढ़ोतरी दिखी है। इसका असर मारुति सुजुकी के शेयरों में भी दिख रहा है। आज मारुति सुजुकी के 4 फीसदी से अधिक की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे हैं।

दिसंबर में मारुति सुजुकी की बिक्री कैसी रही- Maruti Suzuki ने December 2024 के दौरान कुल 1,78,248 गाड़ियां बेचीं। इसमें घरेलू बाजार में 1,40,829 गाड़ियों की बिक्री हुई। वहीं, 37,419 गाड़ियों का कंपनी ने निर्यात किया है। यह मारुति सुजुकी का किसी एक महीने में सबसे अधिक निर्यात का रिकॉर्ड है।

अगर कैलेंडर ईयर 2024 की बात करें, तो कंपनी ने कुल 17,90,870 गाड़ियां बेची हैं। इस दौरान स्विफ्ट, BALENO और WAGON R का काफी अच्छा प्रदर्शन रहा। मारुति सुजुकी 17 जनवरी को पहली इलेक्ट्रिक व्हीकल लॉन्च करने वाली है। यह गाड़ी दिल्ली में होने वाले भारत मोबिलिटी शो में EV होगी। मारुति सुजुकी का कहना है कि अब वह एक्सपोर्ट पर फोकस बढ़ा रही है।

मारुति सुजुकी के शेयरों का क्या हाल है- मारुति सुजुकी के शेयर आज दोपहर 12.30 बजे तक 4.63 फीसदी तेजी के साथ 11,727.45 रुपये पर कारोबार कर रहे थे। हालांकि, पिछले 6 महीनों से मारुति के शेयरों की रफ्तार काफी सुस्त रही। इस दौरान निवेशकों को करीब 3 फीसदी का नेगेटिव रिटर्न मिला है। वहीं, 1 साल में मारुति के शेयरों से निवेशकों की 15 फीसदी तक कमाई हुई है। मारुति सुजुकी का मार्केट कैपिटल 3.68 लाख करोड़ रुपये का है। मारुति सुजुकी पर क्या है ब्रोकरेज की राय- ब्रोकरेज फर्मों का रुख मारुति सुजुकी पर काफी बुलिश है। ब्रोकरेज फर्म सिटी ने 13,500 रुपये के टारगेट प्राइस के साथ इसे खरीदने की सलाह दी है। सिटी का कहना है कि त्योहारी सीजन में अच्छी बिक्री से पता चलता है कि मारुति के पास इन्वेंट्री का कोई बड़ा भंडार जमा नहीं हुआ है।

## 10 दिन में ही 80% से ज्यादा उछल गया भाव, रॉकेट बन गए होटल कंपनी के शेयर



नई दिल्ली (एजेंसी)। एशियन होटल्स (नॉर्थ) के शेयरों में तूफानी तेजी देखने को मिल रही है। होटल कंपनी के शेयर गुरुवार को BSE में 5 पर्सेंट की तेजी के साथ 351.05 रुपये पर पहुंच गए हैं। एशियन होटल्स (नॉर्थ) के शेयर लगातार आठवें दिन अपर सर्किट पर हैं। कंपनी के शेयर बुधवार को 5त्न के उछाल के साथ 334.35 रुपये पर बंद हुए थे। एशियन होटल्स (नॉर्थ) के शेयर गुरुवार को 52 हफ्ते के नए हाई 351.05 रुपये पर जा पहुंचे हैं। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 108.25 रुपये है।

10 ट्रेडिंग सेशंस में शेयरों में 80% से ज्यादा का उछाल- एशियन होटल्स (नॉर्थ) के शेयरों में 10 ट्रेडिंग सेशंस में 80 पर्सेंट से अधिक की तेजी देखने को मिली है। होटल कंपनी के शेयर 18 दिसंबर 2024 को 188.55 रुपये के स्तर पर थे। एशियन होटल्स (नॉर्थ) के शेयर 2 जनवरी 2025 को 351.05 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयर जनवरी 2018 को 318.45 रुपये के हाई लेवल पर थे। वहीं, एशियन होटल्स (नॉर्थ) के शेयर 5 फरवरी 2007 को 899.50 रुपये के रिकॉर्ड हाई पर थे। मौजूदा समय में होटल कंपनी के शेयर ज्ञ ग्रुप के तहत ट्रेड करते हैं। एशियन होटल्स (नॉर्थ) दिल्ली में फाइव स्टार डीलक्स होटल हयात रीजेंसी ऑपरेट करती है। एशियन होटल्स (नॉर्थ) के शेयर पिछले तीन साल में 397 पर्सेंट चढ़ गए हैं।

## मुकेश अंबानी की कंपनी का आ रहा आईपीओ, बन सकता है देश का सबसे बड़ा इश्यू!



नई दिल्ली (एजेंसी)। आईपीओ मार्केट में अब मुकेश अंबानी की टेलीकॉम कंपनी रिलायंस जियो इन्फोकॉम भी एंट्री की तैयारी कर रही है। जियो ने इनिशियल पब्लिक आफरिंग यानी आईपीओ की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस आईपीओ का साइज 35,000-40,000 करोड़ के बीच हो सकता है। ऐसा अनुमान है कि यह देश का सबसे बड़ा आईपीओ होगा।

द हिंदू बिजनेसलाइन की खबर में सूत्रों के हवाले से बताया गया कि आईपीओ में बिक्री के लिए प्रस्ताव और प्री-आईपीओ प्लेसमेंट के साथ एक नया इश्यू शामिल होगा। सूत्र बताते हैं कि रिलायंस समूह इस आईपीओ को वर्ष की दूसरी छमाही में लॉन्च करने की योजना बना रहा है। बैंकरों के मुताबिक इश्यू का साइज बड़ा होगा लेकिन इसके लिए पर्याप्त डिमांड होगी। आईपीओ को सब्सक्रिप्शन पाने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। निवेश बैंकरों ने कहा कि प्री-आईपीओ प्लेसमेंट की राशि नए इश्यू के आकार पर निर्भर करेगी। आईपीओ के ऑफर फॉर सेल और फ्रेश इश्यू के बीच विभाजन अभी भी तय किया जा रहा है।

रिलायंस जियो को जियो प्लेटफॉर्म्स के तहत रखा गया है, जिसमें विदेशी निवेशकों की लगभग 33 प्रतिशत हिस्सेदारी है। रिलायंस ने साल 2020 में करीब 18 बिलियन डॉलर जुटाने के लिए अबुधाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी, केकेआर, मुबाडाला और सिल्वर लेक जैसे कई फंडों को अपनी हिस्सेदारी बेची थी।

ब्रोकरेज ने रिलायंस जियो का वैल्युएशन लगभग 100 बिलियन डॉलर होने का अनुमान लगाया है। सूत्रों ने कहा कि यह लगभग 120 बिलियन डॉलर होने की संभावना है। हाल ही में जियो प्लेटफॉर्म ने एआई लैंग्वेज मॉडल विकसित करने पर सहयोग करने के लिए ग्लोबल टेक्नोलॉजी दिग्गज एनवीडिया के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की।

## गदर काट रहे ये 8 पेनी स्टॉक, लगातार दे रहा मुनाफा, 61400% तक दे गया रिटर्न



नई दिल्ली (एजेंसी)। वैसे तो अस्थिरता के चलते पेनी स्टॉक में दांव लगाना काफी जोखिम भरा होता है, लेकिन लंबी अवधि में यह शानदार रिटर्न भी दे जाता है। कुछ क्वालिटी पेनी स्टॉक लंबी अवधि में अपने निवेशकों को मालामाल कर देता है। आज हम आपको ऐसे ही 8 मल्टीबैगर पेनी स्टॉक के बारे में बता रहे हैं, जिनका पिछले पांच साल का छप्परफाड़ रिटर्न रहा है।

इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रीज लिमिटेड- कंपनी के शेयर की कीमत 2 जनवरी 2025 को 30.75 रुपये थी। पांच साल में इस शेयर ने 61,400 पर्सेंट का रिटर्न है। 8 जनवरी 2020 को यह शेयर 5 पैसे के भाव पर था।

स्प्राइट एग्रो लिमिटेड- इस शेयर की वर्तमान में कीमत 15.23 रुपये है। पांच साल पहले इसकी कीमत 17 थी। अब तक 8,858.82त्न चढ़ गया है।

विंट्रॉन इन्फॉर्म- यह शेयर वर्तमान में 38.63 रुपये पर है। पांच साल पहले इसकी कीमत 54 पैसा था और अब तक यह शेयर 7,053.70% चढ़ गया है।

आईएमईसी सर्विसेज लिमिटेड- कंपनी के शेयर की कीमत अभी 64.17 रुपये है। पांच साल पहले यह 5 रुपये के भाव पर था। इस दौरान इसमें 1,126.96त्न की तेजी देखी गई।

ब्लू चिप- कंपनी के शेयर की कीमत 2 जनवरी को 9.34 रुपये पर आ गई। पांच साल पहले यह 20 पैसे का शेयर था।

# स्ट्रक्शन और इंफ्रा बने एनपीए प्रबंधन की कमजोर कड़ी




नई दिल्ली (एजेंसी)। आरबीआई ने अपनी ताजी रिपोर्ट में फंसे कर्जे (एनपीए- नॉन परफॉर्मिंग एसेट्स) को लेकर एक तरह से बैंकों को अल्टीमेटम दे दिया है कि अगर उन्होंने सतर्कता नहीं बरती तो एनपीए का स्तर आने वाले दो वर्षों में तकरीबन दो गुना हो सकता है।

पिछले दो वर्षों से एनपीए के स्तर में लगातार गिरावट देख रहे बैंकों के लिए यह एक तरह से झटका है क्योंकि अभी सकल एनपीए का स्तर (कुल अग्रिम के मुकाबले) 2.6 फीसद पर है जो पिछले 12 वर्षों का न्यूनतम स्तर है।

एनपीए प्रबंधन की राह में कमजोर कड़ी

दरअसल, आरबीआइ ने पिछले सात तिमाहियों के दौरान बैंकों में बढ़ते-घटते एनपीए के स्तर व पुराने कर्ज को नये सिरे से चुकाने की अनुमति देने की स्थिति का आकलन करते हुए उक्त बात कही है। आरबीआई ने कंस्ट्रक्शन, इंफ्रास्ट्रक्चर, रत्न व आभूषण और खाद्य प्रसंस्करण को चार ऐसे उद्योगों के तौर पर चिन्हित किया है तो एनपीए प्रबंधन की राह में कमजोर कड़ी बने हुए हैं। दूसरी तरफ, व्यक्तिगत लोन के सेक्टर में क्रेडिट कार्ड एक ऐसा क्षेत्र है जहां इस वित्त वर्ष की पहली छमाही में एनपीए का स्तर घटने की जगह बढ़ गया है।

आरबीआई की इस रिपोर्ट के बारे में कोई बैंक अभी सीधे तौर पर तो कुछ नहीं बोल रहा है लेकिन उनके अधिकारियों का कहना है कि इसमें जो बातें कही गई हैं उसके बारे में बैंकों को पहले से पता था। आरबीआई की वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट हर छह महीने पर आती है और बैंकों को इससे काफी कुछ सीखने को मिलता है।

एनपीए का स्तर अभी भी कंस्ट्रक्शन सेक्टर में 5.6 फीसद- आरबीआई की रिपोर्ट कहती है कि सबसे ज्यादा एनपीए का स्तर अभी भी कंस्ट्रक्शन सेक्टर में 5.6 फीसद है। वैसे डेढ़ वर्ष पहले (अप्रैल, 2023 में) यह तकरीबन 12 फीसद था और उसके बाद इसमें कमी आई है लेकिन इस सेक्टर को कर्ज वितरण की रफ्तार भी काफी ज्यादा है। दूसरे स्थान पर रत्न व आभूषण सेक्टर है अभी एनपीए का स्तर 5.1 फीसद है यानी इस उद्योग को जितना कर्ज दिया गया है उसका उक्त हिस्सा फंसे कर्जे में तब्दील हो चुका है।

## इस कंपनी को मिला सोलर प्रोजेक्ट का कॉन्ट्रैक्ट, 2 महीने पहले आया था IPO



नई दिल्ली (एजेंसी)। एनर्जी सेक्टर की कंपनी- वारी एनर्जीज को भारत में एक अहम रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट के लिए 150 मेगावाट क्षमता के सोलर मॉड्यूल की आपूर्ति का ठेका मिला है। कंपनी ने कहा कि इस ठेके में वारी के प्रमुख उच्च दक्षता वाले ग्लास एन-टाइप टॉपकॉन बाइफेसियल मॉड्यूल की आपूर्ति शामिल है, जिसकी रेटिंग 585/590डब्ल्यूपी है। इन मॉड्यूल को उनके स्थायित्व, असाधारण एनर्जी उत्पादन और अपग्रेडेड टेक्नोलॉजी के लिए जाना जाता है। मॉड्यूल की आपूर्ति अगले वित्त वर्ष 2025-26 में की जानी है। परियोजना के कार्यान्वयन से भारत की रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता बढ़ेगी, जिससे ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी आएगी और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा मिलेगा।

शेयर की कीमत- वारी एनर्जीज लिमिटेड के शेयर की बात करें तो भाव 2838.10 रुपये पर आ गया। एक दिन पहले के मुकाबले शेयर 0.79त्न टूटकर बंद हुआ। इस शेयर का ऑल टाइम लो 2,294.55 रुपये है।

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in
24x7 News portal

सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

jagrayam.com
online news magazine

ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए

हिन्दकुश मीडिया

hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# नए साल पर सोमनाथ घूमने गया था परिवार, चोर ने उडाये घर से पांच लाख के जेवर



, भोपाल। कटाराहिल्स क्षेत्र में चोरों ने एक सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों के जेवरात चुरा लिए। मकान में रह रहा परिवार नए साल के मौके पर सोमनाथ और द्वारका दर्शन करने गया था।

बुधवार को वे वापस घर पहुंचे, तो मकान का ताला टूटा पड़ा था और अलमारी में रखे जेवर गायब मिले। शिकायत पर कटाराहिल्स थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु की है।नए साल पर घूमने गया था परिवार

एएसआइ अरविंद सिंह ने बताया कि मनीष श्रीवास्त विदिशा क्षेत्र में कृषि करते हैं। भोपाल में उनका परिवार खजूरीकलां स्थित अनादि विला कॉलोनी में रहता है, यहां उनके बच्चे पढ़ाई करते हैं। 26 दिसंबर को मनीष अपने परिवार के साथ सोमनाथ और द्वारका घूमने गए थे।

बुधवार को वापस घर पहुंचे तो घर में रखी सोने की चेन, कंगन, झुमके और मंगलसूत्र सहित तमाम जेवरात चोरी हो गए। घर में सीसीटीवी नहीं लगा है, जिससे आरोपियों को चिन्हित नहीं किया जा सका है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी खंगाल रही है।

# 15 हजार की रिश्वत मांग रहा था क्लर्क, लोकायुक्त ने दबोचा



रतलाम। लोकायुक्त उज्जैन के दल ने रतलाम जिले के नामली नगर स्थित नायब तहसीलदार कार्यालय में कार्यरत क्लर्क आरोपी प्रकाश पलासिया को 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत की गई है। आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## *ये था पूरा मामला*

फरियादी गणपत हाड़ा ने अपनी जमीन के नामांतरण को लेकर नायब तहसीलदार कार्यालय के क्लर्क प्रकाश पलासिया से संपर्क किया था। इसके बाद क्लर्क ने जमीन के नामांतरण आवेदन को निरस्त करने के लिए गणपत से रिश्वत की मांग की। गणपत हाड़ा की शिकायत पर उज्जैन लोकायुक्त ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को रंगेहाथ गिरफ्तार किया।गणपत को यह जानकारी मिली कि उनके जमीन के नामांतरण के लिए जितेंद्र जाट ने आवेदन दिया है, जबकि दोनों के बीच विवाद चल रहा था। गणपत ने पहले शिकायत की थी कि जितेंद्र के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज है, जो न्यायालय में चल रहा है।

**लोकायुक्त ने योजना बनाकर पकड़ा**-प्रकाश पलासिया ने गणपत से कहा कि वह जितेंद्र से अधिक रुपये देंगे, तो वह जितेंद्र के आवेदन को निरस्त कर देगा। शुरुआत में गणपत ने 5000 रुपये दिए थे और बाकी रुपये बाद में देने की बात की थी। फिर शिकायत की पुष्टि करने के लिए गणपत को जितेंद्र के पास भेजा गया। गणपत ने जितेंद्र से बातचीत की और 15 हजार रुपये की व्यवस्था की।

गणपत ने जब कार्यालय में जाकर क्लर्क को 15 हजार रुपये दिए, तब लोकायुक्त दल ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को रंगेहाथ पकड़ लिया। इससे पहले आरोपी ने रिश्वत के पैसों को ले लिया था, लेकिन लोकायुक्त के निरीक्षक दीपक शेजवार के नेतृत्व में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई।

**आरोपी के खिलाफ हो सकेगी न्यायिक कार्रवाई**-संबंधित अधिकारी के खिलाफ अब भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत जांच जारी है। इसे लेकर लोगों में उम्मीद जताई जा रही है कि सरकारी कार्यों में पारदर्शिता को बढ़ावा मिलेगा।

# सरकारी अधिकारियों की सैलरी की जानकारी आरटीआई में देना अनिवार्य

जबलपुर । मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण निर्णय में कहा है कि सूचना का अधिकार अधिनियम (आरटीआई) में लोकसेवकों के वेतन की जानकारी देना अनिवार्य है। गोपनीयता के तर्क पर इसकी सूचना देने से इन्कार नहीं किया जा सकता।

न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने लोकसेवकों के वेतन की सूचना देने से इन्कार करने के खिलाफ दायर एक याचिका पर सुनवाई में यह निर्णय दिया। हाई कोर्ट ने लोकसेवकों के वेतन की जानकारी सार्वजनिक महत्व की है, जिसे गोपनीय नहीं माना जा सकता।पूर्व में जारी आदेश निरस्त कर दिया सूचना आयोग और लोक सूचना अधिकारी ने भी इस सूचना को गोपनीय माना था। ऐसे में, एकल पीठ ने इन दोनों के पूर्व में जारी आदेश को भी निरस्त कर दिया। इसके साथ ही याचिकाकर्ता को एक माह में सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।पारदर्शिता के सिद्धांतों के विपरीतयाचिकाकर्ता छिंदवाड़ा निवासी एमएम शर्मा की ओर से दलील दी गई थी कि लोक सेवकों के वेतन की जानकारी को सार्वजनिक करना सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा-चार के तहत अनिवार्य है। ऐसे में, लोक सेवकों के वेतन की जानकारी को धारा 8 (1)(जे) का हवाला देकर व्यक्तिगत या तृतीय पक्ष की सूचना बताकर छिपाना अधिनियम के उद्देश्यों और पारदर्शिता के सिद्धांतों के विपरीत है।

# छत पर बर्थडे पार्टी मना रहे युवक को मारी गोली



जबलपुर । जबलपुर शहर में घर की छत पर जन्मदिन की पार्टी मना रहे एक युवक की गोली मारकर हत्या की वारदात सामने आई है। पुलिस ने इस मामले में गोली चलाने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उसका साथ फरार है। वारदात के पीछे पुरानी रंजिश सामने आ रही है।

पुलिस के अनुसार बुधवार की देर रात मोहरिया क्षेत्र के संजय गांधी वार्ड में राजा बाबू कुटि के पास समीर अंसारी (28) नाम का युवक रहता था। इसका पिछले कई दिनों से सैफू और आरिफ नाम के युवकों से विवाद चल रहा था। बुधवार को समीर का जन्मदिन था और घर की छत पर वह जन्मदिन मना रहा था। इसी दौरान सैफू और आरिफ, समीर के घर पहुंचे और और उसकी छाती और पेट पर गोली मार दी। जैसे ही गोली की आवाज आई क्षेत्र के लोग इकट्ठे हो गए। गोली लगने के बाद समीर गंभीर अवस्था में घायल पड़ा हुआ था। इसके बाद अस्पताल ले जाते उसकी रास्ते में ही मौत हो गई।

घटनास्थल पर हनुमान ताल और अधारताल थाने की पुलिस ने पहुंचकर जांच की। शुरुआत जानकारी में पुरानी रंजिश में गोली चलाकर हत्या करने का मामला सामने आ रहा है। आरोपित और समीर दोनों की अपराधिक प्रवृत्ति के बताए गए हैं।

## *समीर ने की थी मारपीट, इसी का बदला लिया*

कुछ दिन पहले ही समीर ने आरोपित के साथ मारपीट की थी। इसका बदला लेने के लिए दोनों उन्होंने हत्याकांड को अंजाम दिया। उन्हें अपने किसी दोस्त से पता चला कि समीर जन्मदिन की पार्टी कर रहा है. इस पर दोनों मौके पर पहुंचे और उस पर गोली चला दी। गोली चलाने वाले मुख्य आरोपित सैफू को पुलिस पकड़ चुकी है और दूसरा फरार है।

# कोहरे में अंधे मोड पर ओवरटेक करने में जननी एक्सप्रेस से टकराई बस




खंडवा। कोहरे और धुंध के कारण सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही है। बीते तीन में इस तरह का दूसरा मामला सामने आया है। इस बार कोहरे और धूंध के कारण एक बस और जननी एक्सप्रेस की भिडंत हो गई। गनिमत रही कि हादसे में किसी को चोट नहीं आई।

वहीं एंबुलेंस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हादसा गुरुवार सुबह जलकुआं और सिंगोट के बीच भाम नदी का मोड क्रास करते समय हुआ। घटनास्थल पर बस को रांग साइड पर देखा गया। एंबुलेंस पायलट ने बताया कि बस ड्राइवर ने कोहरे के बीच अंधे मोड़ में ओवरटेक किया और आगे से टक्कर मार दी।प्रसूती की सूचना पर पहुंच रही थी एंबुलेंस हादसा सुबह करीब नौ बजे हुआ। प्रसूति की सूचना मिलने पर जावर अस्पताल की जननी एक्सप्रेस मौके पर पहुंच रही थी। वहीं केवलराम कंपनी की बस खार-खालवा से खंडवा तरफ आ रही थी। इस बीच जलकुआं और सिंगोट के बीच भाम नदी का मोड पर हादसा हो गया। कोहरा छाया था।

जननी एक्सप्रेस एंबुलेंस के कर्मचारी का कहना है कि घटना के दौरान हल्का कोहरा था। हमारी गाड़ी साइड से चल रही थी। आगे से केवलराम बस ने ओवरटेक किया और रांग साइड पर आ गई। हमने बचने का प्रयास किया, गाड़ी को सड़क के किनारे उतार दिया। बावजूद बस वाले ने टक्कर मार दी।

## *इससे पहले टिठियाजोशी के मोड़ पर पलटी थी बस*

उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले भी खंडवा-देड़तलाई स्टेट हाइवे पर ग्राम टिठियाजोशी के अंधे मोड़ पर अमरावती से इंदौर जा रही एक बस कोहरे और धूंध के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। इसमें 18 यात्री घायल हुए थे। हादसे के बाद यहां टोल कंपनी ने क्रैश बैरियर लगवाकर जरुरी सुधार कार्य करवाए हैं।



# मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अंतर्गत जाति/आय/प्रमाण-पत्रों का किया जा रहा है समय-सीमा में वितरण

इंदौर। मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान योजना के अंतर्गत आवेदन पत्रों को स्वीकार कर आम जनों को जाति प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण पत्र, सहायता योजना के प्रमाण-पत्र समय-सीमा में प्रदान किये जा रहे हैं। इसमें इंदौर जिले के सामान्य प्रशासन विभाग, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय विभाण, सहकारिता विभाग, श्रम विभाग, लोक स्वास्थ्य विभाग, चिकित्सा विभाग, राजस्व विभाग, योजना आर्थिक विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग विभागों द्वारा आवेदन स्वीकार कर उक्त अभियान को सफल बनाया जा रहा है।

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा अजा-अजजा के 1833 में 1744 आवेदन स्वीकार कर जाति प्रमाणपत्र प्रदान किये गये है। उक्त विभाग ने स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र के 1754 में से 1731 आवेदन स्वीकार किये है और प्रमाण-पत्र जारी किये है। इसी तरह आय संबंधी 1677 में 1675 आवेदन पत्र स्वीकार कर प्रमाण पत्र प्रदान किये गए है। पिछड़े वर्ग के 288 जाति प्रमाण पत्र दिये गए है। आर्थिक रूप कमजोर वर्ग के 152 आय व संपत्ति प्रमाण-पत्र प्रदान किये गए हैं। जन्मतिथि आधार और समग्र नंबर में सुधार हेतु लोगों को प्रमाण-पत्र दिये गये हैं।

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा समग्र सामाजिक पेंशन योजना के 685, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के 630, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के 522, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्त पेंशन योजना के 51, मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह सहायता योजना के 32, मानसिक रूप से अविकसित निःशक्त जन सहायता योजना के 15, मुख्यमंत्री कन्या अभिभावक पेंशन योजना के 11, मुख्यमंत्री निःशक्त शिक्षा प्रोत्साहन योजना के 7, राष्ट्रीय परिवार योजना के 5, दिव्यांग सिविल प्रोत्साहन सेवा योजना के 01 आवेदनों को स्वीकार किये गये हैं। इसी प्रकार मुख्यमंत्री अविवाहिता पेंशन योजना का भी 01 आवेदन स्वीकार किया गया है। निःशक्त छात्र-छात्राओं के भी 01 आवेदन स्वीकार किया गया है। सहकारिता विभाग द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड के 32 आवेदन पत्र स्वीकार किये गये हैं। इसी प्रकार श्रम विभाग (संबल योजना/कर्मकार मंडल) द्वारा निर्माण श्रमिकों के पंजीयन संबंधी 1104, मृत्यु अनुग्रह सहायता योजना के 117, भवन संनिर्माण श्रमिकों का पंजीयन के 78 आवेदन स्वीकार किये गये हैं। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा आयुष्मान भारत योजना के 3660 आवेदन, आवेदक की मृत्यु चिकित्सीय सत्यापन के 22 आवेदन स्वीकार किये गये हैं। राजस्व विभाग द्वारा चालू खसरा/खतौनी प्रतिलिपियों के 2928, चालू नक्शा प्रतिलिपियों के 1349, अविवादित नामांतरण के 203, सीमांकन प्रकरणों के निराकरण के 32, नक्शा शुद्धिकरण के 129, अविवादित बंटवारा के 42, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के 32 आवेदन स्वीकार किये गये हैं। योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा जन्म प्रमाण पत्र के 604, मृत्यु प्रमाण के 475, विवाह पंजीयन के 188 आवेदन पत्र स्वीकार किये गये हैं। जन्म प्रमाण में बच्चे का नाम जुड़वाने के लिए 91, जन्म के एक वर्ष पश्चात पंजीयन अनुमति हेतु अनुमति के 23, मृत्यु के पश्चात पंजीयन हेतु अनुमति के 7 आवेदन पत्र भी स्वीकार किये गये हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मातृ वंदना के 1066, लाड़ली लक्ष्मी योजना के 484 आवेदन-पत्र स्वीकार किये गये हैं। मत्स्य पालन एवं मछुआ विकास विभाग मछुआ क्रेडिट कार्ड योजना के 34 आवेदन-पत्र स्वीकार किये गये है। पशु पालन एवं डेयरी विभाग द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड (पशुपालन) के 306 आवेदन-पत्र स्वीकार किये गये हैं। परिवहन विभाग द्वारा लर्निंग ड्रायविंग लायसेंस के 309 आवेदन, ड्रायविंग लायसेंस नवीनीकरण के 1215 आवेदन, वाहन पंजीयन नवीनीकरण के 201 आवेदन-पत्र स्वीकार किये गये हैं।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में भवन निर्माण अनुज्ञा पत्र के 17 आवेदन, मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता ऋष्ठा योजना के 03 आवेदन पत्र स्वीकार किये गये हैं। इसी प्रकार नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा पी.एम. स्वनिधि के 263 आवेदन, नो- ड्यूज प्रमाण पत्र के 84 आवेदन-पत्र स्वीकार किये गये हैं। अविवादित संपत्ति हस्तांतरण आपसी विलेख के 67 आवेदन, भवन निर्माण हेतु स्वीकृति आदेश के 7 आवेदन, अविवादित संपत्ति हस्तांतरण नामांतरण (मृत्यु प्रकरण) के 13 आवेदन, ट्रेड लायसेंस के 13 आवेदन, नल कनेक्शन मांग के 10 आवेदन, भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र के 4 आवेदन, नवीन नल कनेक्शन के 2 आवेदन पत्र स्वीकार किये गये हैं। किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग द्वारा माइक्रोइरीगेशन व अंडर इंटरवेशन के 101 आवेदन, मण्डी व्यापारी को अनुज्ञप्ति के 11 आवेदन, फल-सब्जी व्यापारी को अनुज्ञप्ति के 06 आवेदन, हम्मालों को अनुज्ञप्ति का 01 आवेदन, पक्का आढ़तिया को अनुज्ञप्ति के 02 आवेदन-पत्र स्वीकार किये गये हैं। ऊर्जा विभाग द्वारा निम्न दाब स्थायी नवीन कनेक्शन के 215 आवेदन, मीटर शिफ्टिंग का 01 आवेदन, मीटर लाइन सर्विस अथवा मीटर की परिसर में ही शिफ्टिंग के 7 आवेदन पत्र स्वीकार किये गये हैं। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा फसलों की संरक्षित खेती की प्रोत्साहन योजना के 36 आवेदन-पत्र स्वीकार किये गये हैं।

# तुलसी नगर में श्री राम दरबार मंदिर की तीन-दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह 31 जनवरी से




इंदौर। तुलसी नगर स्थित माँ सरस्वती धाम परिसर में निर्माणाधीन श्री राम दरबार मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का तीन दिवसीय भव्य आयोजन 31 जनवरी से 2 फरवरी तक होगा। इस दौरान कुण्डातमक श्री विष्णु महायज्ञ, शोभा यात्रा, पूर्णाहुति और महाप्रसादी का आयोजन होगा। कार्यक्रम के पहले दिन विष्णु पूजन, हेमाद्रि स्नान, मंडप प्रवेश और जलाधिवास की रस्में पूरी होंगी। दूसरे दिन हवन और तीसरे दिन शोभा यात्रा, प्राण प्रतिष्ठा और पूर्णाहुति संपन्न होगी। श्री तुलसी सरस्वती सोशल वेलफेयर सोसाइटी के राजेश तोमर, के.के. झा, संजय यादव, शंभुनाथ सिंह, विवेक शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है और इसे जनवरी के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। मंदिर परिसर में श्री भैरव द्वारपाल के छोटे मंदिर सहित कुल छह मंदिर स्थापित होंगे, जिनमें माँ सरस्वती मंदिर, शिव मंदिर, शनि मंदिर और हनुमान मंदिर शामिल हैं।

भक्तों की सुविधा के लिए स्थानीय पार्षद संगीता महेश जोशी द्वारा तुलसी नगर पुलिया से माँ सरस्वती धाम तक कंक्रीट सड़क का निर्माण भी कराया गया है। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया है।

## खनिज का अवैध परिवहन करने वाले 54 वाहनों को किया गया जप्त

इंदौर। इंदौर जिले में खनिजों के अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण करने वालों के विरूद्ध कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशन अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी सिलसिले में आज अपर कलेक्टर श्रीमती ज्योति शर्मा के मार्गदर्शन में खनिज विभाग के अमले ने राजस्व एवं पुलिस विभाग के सहयोग से बड़ी कार्यवाही की है। यह कार्यवाही खनिजों के अवैध परिवहन के संबंध में की गई है। बताया गया कि आज मुहिम चलाकर खनिज परिवहन करने वाले वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान खनिज मुरम के अवैध परिवहन से संबंधित एक डंपर वाहन एवं खनिज रेत के अवैध परिवहन से संबंधित 53 डंपर वाहन सहित कुल 54 वाहनों पर कार्यवाही की गई। कार्यवाही में अवैध परिवहन हेतु जप्त समस्त वाहनों पर मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत प्रकरण दर्ज कर आगामी कार्यवाही की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा इस कार्यवाही से वैध रेती मंडी की आड़ में अवैध रूप से कारोबार करने वाले लोगों पर कार्यवाही की गई है। खनिज विभाग की इस कार्यवाही से शासन को लगभग डेढ़ करोड़ रुपए अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति होगी।

## कलेक्टर द्वारा स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

इंदौर। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के सामने स्थित निर्वाचन भवन में स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम में रखी गई ईवीएम मशीनों की व्यवस्था को देखा। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी भी ली। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर श्री राजेंद्र सिंह रघुवंशी, राजनीति दल प्रतिनिधि के रूप में निर्वाचन प्रकोष्ठ के नगर संयोजक श्री मनोहर मेहता सहित अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

## बच्चों के लिये प्रेरक कॉमिक बुक - अटकन-चटकन

इंदौर। कॉमिक बुक अर्थात चित्रकथा पत्रिकाओं का दौर वर्तमान में भले ही समाप्त हो चुका है, लेकिन बच्चों में जागरूकता लाने के लिये श्रीमती मनीषा पाठक (वर्तमान में ए.एस.पी. रेल) की संकल्पना के आधार पर द्वारा अटकन-चटकन, सुरक्षित बचपन नाम से सहज और सुदंर तरीके से कॉमिक बुक तैयार कर प्रकाशित की गई है। उक्त कॉमिक्स बुक का प्रकाशन झाबुआ पुलिस द्वारा किया गया है। इस बुक में दिल छू लेने वाले प्रेरणास्पद चित्रांकन है। यह कॉमिक बुक शिक्षा के महत्व, जागरूकता, साइबर अपराध और बालक-बालिकाओं के विरुद्ध घटित आपराधिक एवं मानसिकता को उजागर करती है। बच्चों को सजग और सचेत करती है।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को नये वर्ष का उपहार

इंदौर। आयुष्मान भारत भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का विस्तार करते हुए 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को प्रतिवर्ष पाँच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य सुरक्षा कवच प्रदान किया जाना सुनिश्चित किया गया है। इस योजना का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना है, जिससे उन्हें आर्थिक चिंताओं से मुक्त करते हुए एक स्वस्थ और सम्मानपूर्ण जीवन जीने में सहायता मिल सके। वर्तमान में इंदौर जिले में वयोवृद्ध जनों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। इसी क्रम कलेक्टर श्री आशीष सिंह के आदेशानुसार आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में गति लाने के लिए 744 शहरी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को एक हजार रुपये राशि का अग्रिम भुगतान उनके खातों में किया जा रहा है। साथ ही साथ आशा कार्यकर्ताओं को पूर्ववत 05 रुपये प्रति कार्ड के मान से दिए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में एक बैठक का आयोजन कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग एवं जिला महिला एवं बाल विकास के कर्मचारी उपस्थित थे।

# सेवा और समर्पण के लिए पं. बालकृष्ण शर्मा का सार्वजनिक अभिनंदन



इन्दौर। सम्मान प्राप्त करने वाले विरलयी होते हैं जो सेवा और समर्पण के साथ सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यों के माध्यम से समाजसेवा कर रहे हैं। ऐसे श्री पं. बालकृष्ण शर्मा को साधुवाद। उक्त विचार जिला पंचायत सदस्य एवं समाजसेवी दिनेश सिंह चौहान ने व्यक्त किए। मानव जीवन सेवा और समर्पण के लिए मिलता है, जिसे श्री शर्मा द्वारा माँ भवानी की सेवा और भक्तों को सही मार्गदर्शन देने का अशीर्वाद मिला है।

उक्त जानकारी समाजसेवी मदन परमालिया एवं पं. भरत शर्मा ने देते हुए बताया कि नववर्ष का आरंभ कन्याओं के पाद-पूजन के साथ स्वंभू माँ भवानी के आशीर्वाद से हरसौला स्थित माँ भवानी परिसर में आए भक्तों ने किया। ज्योतिषाचार्य एवं भागवताचार्य पं. बालकृष्ण शर्मा एवं धर्म पत्नी श्रीमती मंजूबाला शर्मा द्वारा किए जा रहे समाज कल्याण एवं मंदिर के जिर्णोद्धार के योगदान के लिए सार्वजनिक अभिनंदन शाल-श्रीफल, अभिनंदन पत्र और प्रतिक चिन्ह के साथ किया गया। अभिनंदन पत्र का वाचन मदन परमालिया ने किया। नववर्ष एवं पं. शर्मा के जन्मदिवस पर देशभर से भक्तगण उपस्थित थे।

# नए वर्ष में नई खुशियां लाया राज्य शासन का पीईटीसी

इंदौर। राज्य शासन के अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा अनुसूचित जाति और जनजाति के युवाओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल करने के संबंध में प्रशिक्षित करने के लिए इंदौर में परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र संचालित किया जा रहा है। यह केन्द्र नये वर्ष में नयी खुशियां लाया है। इस केन्द्र से प्रशिक्षित अनुसूचित जाति और जनजाति के 17 युवाओं ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा हाल ही में घोषित राज्य वन सेवा परीक्षा में ऐतिहासिक सफलता हासिल कर फॉरेस्ट ऑफिसर(वन क्षेत्रपाल) का महत्वपूर्ण पद हासिल किया है।

प्रशिक्षण केन्द्र की प्राचार्य डॉ. अलका भार्गव ने बताया कि परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा युवाओं को लगातार मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के संबंध में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अनुसूचित जाति और जनजाति के युवाओं के लिए चल रहे इस केन्द्र में राज्य सिविल सेवा परीक्षा, वन सेवा परीक्षा, प्राध्यापक सहित अन्य पदों के लिए आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं के संबंध में प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा की तैयारियों का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मुख्य परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को इंटरव्यू की भी निःशुल्क तैयारी कराई जा रही है। डॉ. भार्गव ने बताया कि इस केन्द्र से प्रशिक्षित अनुसूचित जाति और जनजाति के 381 युवा राज्य शासन के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर चयनित होकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इनमें डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कोषालय अधिकारी, महिला एवं बाल विकास अधिकारी, पंजीयक, उप पंजीयक, जेलर सहित अन्य महत्वपूर्ण पद शामिल है।

दैनिक हिन्दकुश




अवन्तिकायाम विहितारम मुक्ति प्रदायनाय च सजनाम, अकाल मृत्यु परिरक्शनाय, वन्दे महाकाल महा सुरेश्वरम
भूतभावन भगवान श्री महाकाल महाराज सभी को आरोग्यता प्रदान करें

# सरकार के नुमाइंदे स्वयं जनता के बीच शिविर के माध्यम से पहुंच रहे हैं-निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव

## वार्ड क्रमांक 38 एवं 53 में आयोजित हुआ मुख्यमंत्री जन कल्याण शिविर

उज्जैन। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत गुरुवार को वार्ड क्रमांक 38 एवं 53 में शिविर का आयोजन निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव के मुख्य आतिथ्य आयोजित हुआ।



निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव द्वारा शिविर में उपस्थित नागरिकों एवं हितग्राहियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार के नुमाइंदे स्वयं आप सभी नागरिकों के बीच शिविरों के माध्यम से पहुंच रहे हैं शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है जनता के बीच जाने का शिविर का एक मात्र उद्देश्य है।

आपने शिविर में उपस्थित नागरिकों से उनकी समस्याएं जानी तथा निर्देशित किया कि नागरिकों द्वारा जो भी समस्याएं शिविर में दर्ज कराई जा रही है उनका शीघ्र निराकरण किया जाकर उसकी सूचना सम्बंधित को दी जाए।

इस दौरान वार्ड क्रमांक 38 के पार्षद एवं एमआईसी सदस्य श्री अनिल गुप्ता, एमआईसी सदस्य श्री जितेंद्र कुवाल, महामंत्री श्री संजय अग्रवाल, वार्ड क्रमांक 53 की पार्षद श्रीमती निर्मला करण परमार, उपायुक्त श्रीमती कृतिका भीमावत, मंडल अध्यक्ष श्री सतीश सिंधल, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष श्री विक्रम सिंह आंजना, भाजपा उपाध्यक्ष श्री आनंद सिंह खींची, श्री पंकज मिश्रा, श्री परेश कुलकर्णी एवं क्षेत्र के नागरिक करण उपस्थित रहे।

### आज के शिविर

शुक्रवार को मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान अंतर्गत जोन क्रमांक 04 वार्ड क्रमांक 50 अंतर्गत पानी की टंकी के नीचे ऋषि नगर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# अग्रवाल नवयुवक मंडल ने की कुलदेवी महालक्ष्मीजी, श्री अग्रसेनजी महाराज की महाआरती



उज्जैन। नववर्ष 2025 के आगमन पर श्री अग्रवाल नवयुवक मंडल द्वारा अग्रसेन भवन पर कुलदेवी माँ लक्ष्मी और पितृ पुरुष महाराजा अग्रसेनजी की भव्य महाआरती का आयोजन किया गया।

अग्रवाल नवयुवक मंडल के अध्यक्ष आयुष अग्रवाल, सचिव दीपेश अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उज्जैन विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल, भाजपा ज़िला महामंत्री संजय अग्रवाल, अग्रवाल पंचायत न्यास के अध्यक्ष विजय अग्रवाल के करकमलों से महाराजा अग्रसेन जी एवं कुलदेवी माँ लक्ष्मी जी का पूजन कर आरती की गई। इस अवसर पर रंग बिरंगे फूलो से आकर्षक शृंगार कर मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया एवं आरती में नासिक ढोल, ताशे से महाआरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अग्रवाल पंचायत न्यास के सचिव शैलेश मित्तल, ट्रस्टी संजय अग्रवाल सीए, कोषाध्यक्ष रवि बंसल, दीपक मित्तल, वरिष्ठ समाज सेवी सरोज अग्रवाल, पूर्व ट्रस्टी जगदीश गोयल, पूर्व ट्रस्टी सुरेश गोयल, जयकिशन अग्रवाल, अग्रवाल नवयुवक मंडल के अध्यक्ष आयुष अग्रवाल, दीपेश अग्रवाल, महेश अग्रवाल, श्लोक अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, अक्षत अग्रवाल, इंद्रेश अग्रवाल, पवन अग्रवाल, सहज मित्तल, वश अग्रवाल, आमिष मित्तल, अवध सिंहल, नवीन गर्ग, प्रवीण अग्रवाल, दक्ष मित्तल, मोहित अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, विशाल सराओगी, पीयूष सिंहल, प्रशांत अग्रवाल एवं पूरी टीम मौजूद रही। समाज सेवी सत्य नारायण अग्रवाल, मनसुख मित्तल, मांगीलाल अग्रवाल, अशोक गोयल, शिव बंसल, सत्यनारायण गर्ग, विनोद अग्रवाल, नरेंद्र गुप्ता, महेश बजाज, पवन मित्तल, भागचंद गोयल, ओम प्रकाश गर्ग, तरुण अग्रवाल, तरुण मित्तल, अनिल गर्ग, राजेश गुप्ता, शकुंतला अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, उषा गोयल, संध्या अग्रवाल, मधु मित्तल, शारदा गर्ग, शर्मिला गुप्ता, राजश्री अग्रवाल, प्रिया अग्रवाल, नीलम मित्तल सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। श्याम प्रेमी साक्षी अग्रवाल ने भजन प्रस्तुत दी। आभार महेश अग्रवाल ने माना।

# दिल्ली के भारत मंडपम में गूंजेगी विक्रम विश्वविद्यालय की आवाज



विक्रम विश्वविद्यालय के संस्कार चौरसिया का चयन दिल्ली के भारत मंडपम में होने वाले विकसित भारत यंग लीडर्स कार्यक्रम के लिए हुआ

उज्जैन। विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन की शारीरिक शिक्षा एवं खेल अध्ययनशाला के विद्यार्थी संस्कार चौरसिया का चयन दिल्ली के भारत मंडपम में होने वाले कार्यक्रम विकसित भारत यंग लीडर्स के लिए हुआ है। वे दिल्ली में मध्यप्रदेश के युवाओं का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# महाकाल शयन आरती भक्त परिवार ने गरीब बस्तियों में वितरित किए स्वेटर



उज्जैन। महाकाल शयन आरती भक्त परिवार द्वारा कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों को गर्म वस्त्र भेंट किए। भक्त परिवार के महेंद्र कटियार, राजेंद्र कटियार आदि 2 जनवरी को गरीब बस्तियों में पहुंचे तथा स्वेटर वितरित किए।

# भरियाखेड़ी में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अंतर्गत लगाया शिविर

## शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिया



उज्जैन। ग्राम पंचायत ईलमखेड़ी के तत्वावधान में ग्राम भरियाखेड़ी में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉली श्रीवास्तव रहे। इस अवसर पर सरपंच सतीश शर्मा, सचिव गोवर्धन लाल मालवीय, पटवारी हृदेश मीणा, रोजगार सहायक कमल शर्मा भी उपस्थित थे।

# शिप्रा तर्ज पर हुई संत श्री बालीनाथ जी महाराज की महाआरती



उज्जैन। बैरवा दिवस के उपलक्ष्य एवं नववर्ष के स्वागत में बैरवा युवा ब्रिगेड व समस्त बैरवा समाज द्वारा श्रीश्री 1008 महर्षि संत श्री बालीनाथ जी महाराज की भव्य आरती का आयोजन किया गया। तीन बत्ती चौराहा स्थित संतश्री बालीनाथ जी की प्रतिमा के सम्मुख शिप्रा आरती की तर्ज पर महाआरती की गई।

मनीष जाटवा व राहुल अखंड ने बताया कि महाआरती के आयोजन में प्रदेश अध्यक्ष राजेश जारवाल,पूर्व महापौर मदनलाल ललावत, पूर्व महापौर मीना जोनवाल, सुरेंद्र मरमट, राजकुमार खलीफा, दिनेश जाटवा, जितेंद्र कुवाल, जितेंद्र तिलकर, राजेंद्र गब्बर कुवाल, कमल बैरवा, महंत सरस्वती बालीनाथ, महंत दीपक गिरी, महंत अशोक भारती, रोशन वाडिया, मनोज नागवंशी, कमलेश वाडिया, शीला मरमट, प्रेमलता बैंडवाल, सुशीला जाटवा, सुनील गोठवाल, सुरेश जीनवाल, श्याम मरमट, आशीष भदाले, मोहनलाल गेहलोद, डॉ. महेश मरमट, राजेश पल्ली, मनोज लोदवाल, नितिन सिसौदिया, हरीश ललावत, कुलदीप बैंडवाल, रजनीश मरमट, देवेंद्र नागवंशी, ऋतिक सिसोदिया, अंशुल जाटवा, डॉ. मनी कुमार मिमरोट, जयप्रकाश जुनवाल, रितेश खलीफा, प्रिंस लोदवाल, सुषमा बोहरा, सीमा नागवंशी, प्रभुदयाल बिलावल, मयूर जाटवा, डॉ. कैलाशचंद्र नागवंशी, अनिल गोठवाल, राकेश जुनवाल, निखिल गोठवाल, अक्षय बेतौड, चंचल जीनवाल, शंकरलाल सिसौदिया, सागर गोठवाल, मयंक कोलवाल, हेमंत जुनवाल, धीरज जाटवा, पवन वाडिया आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे। आरती पश्चात प्रसादी वितरण किया गया। साथ ही सभी समाजजनों ने एक दूसरे को बैरवा दिवस व नववर्ष की शुभकामनाएं

# श्री हनुमान चालीसा की पुस्तक एवं भोजन के पैकेट वितरित



उज्जैन। अंग्रेजी नव वर्ष एवं गौ माता के जन्मोत्सव के अवसर पर समाज सेवी संस्था श्री बच्छ 208 द्वारा नगर के 100 से अधिक मंदिरों पर हनुमान चालीसा की पुस्तक श्रद्धालुओं को भेंट की गई। इसके अलावा जरूरतमंद लोगों को भोजन प्रसादी के पैकेट वितरित किए गए। संस्था अध्यक्ष दिगपाल सिंह पवार दिग्गी बना ने बताया कि इस अवसर पर शेरू बना श्री किशोर मालवीय, अनिल चौधरी, सुनील चौधरी, जितेंद्र सिंह खेमासा, उमेश राणा, जितेंद्र भाटी, सम्राट बना,यतीश जाट, कुलदीप बना, डॉक्टर भोपाल सिंह, राजेंद्र सिंह खेमासा पिंटू बना मालपुरा, जय सिंह देवड़ा, भुवान सिंह गरासिया आदि मौजूद रहे।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com